National Comprehensive Cancer Network®

National Comprehensive Cancer Network® (NCCN®) अग्रणी कैंसर केंद्रों का एक गैर-लाभकारी गठबंधन है, जो रोगी की देखभाल, अनुसंधान और शिक्षा के प्रति समर्पित है।

2025

मुझे नैदानिक परीक्षण पर विचार क्यों करना चाहिए?

नैदानिक परीक्षण क्या होता है?

नैदानिक परीक्षण एक प्रकार का चिकित्सीय शोध अध्ययन होता है। किसी प्रयोगशाला में विकसित करने और परीक्षण किए जाने के बाद, कैंसर के उपचार के संभावित नए तरीके का लोगों पर अध्ययन किया जाना ज़रूरी होता है। यदि किसी दवा, उपकरण या उपचार पद्धति को नैदानिक परीक्षण में सुरक्षित और प्रभावी पाया जाता है, तो उसे यू.एस. फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) द्वारा अनुमोदित किया जा सकता है।

कैंसर से पीड़ित सभी लोगों को अपने कैंसर के प्रकार के लिए उपलब्ध सभी उपचार विकल्पों पर ध्यान से विचार करना चाहिए, जिसमें मानक उपचार और नैदानिक परीक्षण शामिल हैं। अपने चिकित्सक से इस बारे में बात करें कि क्या नैदानिक परिक्षण आपके लिए कारगर हो सकता है या नहीं।

चरण

कैंसर के अधिकांश नैदानिक परीक्षण उपचार पर केंद्रित होते हैं और अलग-अलग चरणों में किए जाते हैं।

चरण 1 परीक्षणों में किसी अन्वेषणात्मक दवा या उपचार पद्धति की सुरक्षा और दुष्प्रभावों का अध्ययन किया जाता है।

चरण 2 परीक्षणों में यह अध्ययन किया जाता है कि दवा या पद्धति किसी विशेष प्रकार के कैंसर पर कितनी अच्छी तरह काम करती है।

चरण 3 परीक्षणों में किसी दवा या पद्धति की मानक उपचार के आधार पर जाँच की जाती है। यदि परिणाम अच्छे हों तो उसे FDA द्वारा अनुमोदित किया जा सकता है।

चरण 4 परीषणों में किसी FDA-अनुमोदित उपचार की सुरक्षा और लाभ का अध्ययन किया जाता है।

NATIONAL COMPREHENSIVE CANCER NETWORK® FOUNDATION
Guiding Treatment. Changing Lives.

NCCN Foundation के सहयोग से प्रस्तुत

NCCN Guidelines for Patients की हमारी निःशुल्क लाइब्रेरी में विभिन्न प्रकार के कैंसरों के बारे में विशेषज्ञ जानकारी ऐक्सेस करें: NCCN.org/patientguidelines

नामांकन कौन करा सकता है?

यह नैदानिक परीक्षण के नियमों पर निर्भर करता है, जिन्हें पात्रता मानदंड कहते हैं। ये नियम आयु, कैंसर के प्रकार और चरण, उपचार के इतिहास या सामान्य स्वास्थ्य से संबंधित हो सकते हैं। वे इस बात को सुनिश्चित करते हैं कि प्रतिभागी विशेष तरीकों से एक जैसे हों और यह परीक्षण प्रतिभागियों के लिए यथासंभव सुरक्षित हो।

सूचित सहमति

नैदानिक परीक्षणों का प्रबंधन एक शोध टीम द्वारा किया जाता है। विशेषज्ञों का यह समूह आपके साथ अध्ययन की विस्तार से समीक्षा करेगा, जिसमें अध्ययन का उद्देश्य और उससे जुड़ने के जोखिम और लाभ भी शामिल होंगे। यह संपूर्ण जानकारी सूचित सहमति फॉर्म में भी प्रदान की जाती है। हस्ताक्षर करने से पहले फॉर्म को ध्यान से पढ़ें और प्रश्न पूछें। जिन पर आपको भरोसा है, उनके साथ इस बारे में चर्चा करने के लिए समय निकालें। ध्यान रखें कि आप इस नैदानिक परीक्षण को किसी भी समय छोड़ सकते हैं और बाहर से उपचार ले सकते हैं।

क्या मुझे प्लेसिबो दिया जाएगा?

कैंसर के नैदानिक परीक्षणों में प्लेसिबो (वास्तविक दवाओं के निष्क्रिय संस्करणों) का अकेले उपयोग शायद ही कभी किया जाता हो। मानक उपचार के साथ प्लेसिबो या मानक उपचार के साथ एक नई दवा दिया जाना एक सामान्य बात है। आपके नामांकन से पहले आपको मौखिक और लिखित रूप से सूचित किया जाएगा कि आपके नैदानिक परीक्षण में प्लेसिबो भी शामिल होगा या नहीं।

क्या नैदानिक परीक्षण निःशुल्क होते हैं?

नैदानिक परीक्षण में शामिल होने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता। अध्ययन प्रायोजक शोध-संबंधित लागतों का भुगतान करता है, जिसमें अध्ययन दवा भी शामिल है। लेकिन अतिरिक्त अपॉइंटमेंट्स के कारण आपको परिवहन या चाइल्ड केयर जैसी अन्य सेवाओं के लिए भुगतान करना पड़ सकता है। परीक्षण के दौरान, आप मानक कैंसर देखभाल प्राप्त करते रहेंगे। इस देखभाल को अक्सर बीमा द्वारा कवर किया जाता है।

आपकी देखभाल टीम से पूछने के लिए प्रश्न

1. क्या आप मुझे नैदानिक परीक्षण पर विचार करने की सलाह देंगे?
2. मैं ऐसे नैदानिक परीक्षणों का पता कैसे करूं जिनमें मैं भाग ले सकूं?
3. नैदानिक परीक्षण में किस चीज़ की जाँच की जा रही है?
4. नैदानिक परीक्षण के जोखिम और लाभ क्या हैं?
5. मैं इस नैदानिक परीक्षण में कितने समय तक रहूँगा/रहूँगी?

नैदानिक परीक्षण खोजना

संयुक्त राज्य अमेरिका में

- NCCN Cancer Centers
  NCCN.org/cancercenters
- The National Cancer Institute (NCI)
  cancer.gov/about-cancer/treatment/clinical-trials/search

दुनिया भर में

- The U.S. National Library of Medicine (NLM) clinicaltrials.gov/

नैदानिक परीक्षण खोजने में मदद चाहिए?

- NCI's Cancer Information Service (CIS)
  1.800.4.CANCER (1.800.422.6237)
  cancer.gov/contact

© National Comprehensive Cancer Network, Inc. 2024, सर्वाधिकार सुरक्षित